खबरों में रहे स्टॉक

बीएचईएल

तेलंगाना के एनटीपीसी रामगुंडम में 100 मेगावॉट का सौर पीवी संयंत्र चालू

₹ 46.0 पिछला बंद भाव
₹ 47.0 आज का बंद भाव
2.3 % ▲

शोभा



पहली तिमाही में संपत्तियों की बिक्री 52 फीसदी बढ़ी

₹ 584.1 पिछला बंद भाव
₹ 640.8 आज का बंद भाव
9.71 % ▲

ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स

भारत में मधुमेह रोगियों के लिए सिटाग्लिप्टिन को लॉन्च किया

₹ 388.9 पिछला बंद भाव
₹ 390.3 आज का बंद भाव
0.3 % ▲

अजमेरा रियल्टी ऐंड इन्फ्रा इंडिया

पहली तिमाही में बिक्री 261 फीसदी बढ़ी

₹ 264.5 पिछला बंद भाव
₹ 286.0 आज का बंद भाव
8.1 % ▲

एस्कॉर्ट्स कुबोटा

10 जुलाई से ट्रैक्टर के दाम बढ़ाने की योजना

₹ 1,562.4 पिछला बंद भाव
₹ 1,580.0 आज का बंद भाव
1.1 % ▲

संक्षेप में

सैट ने सेबी के आदेश को रद्द किया

प्रतिभूति अपील न्यायाधिकरण (सैट) ने एस्सार स्टील इंडिया लिमिटेड (अब आर्सेलरमित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया लिमिटेड) के खिलाफ सेबी के आदेश को रद्द कर दिया है। सेबी ने कंपनी पर आवश्यक खुलासे नहीं करने के मामले में दो लाख रुपये का जुर्माना लगाया था। कर्ज में डूबी एस्सार स्टील के खिलाफ दिवाला कार्यवाही अगस्त 2017 में शुरू हुई थी। कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया पूरी होने के बाद आर्सेलरमित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया ने दिसंबर 2019 में एस्सार स्टील का अधिग्रहण कर लिया था। सेबी के उक्त आदेश के खिलाफ अपील दायर की गई थी जिस पर यह फैसला आया है। *भाषा*

जेएसडब्ल्यू स्टील का उत्पादन बढ़ा

जेएसडब्ल्यू स्टील का कच्चे इस्पात का समेकित उत्पादन अप्रैल से जून 2022 के दौरान 16 फीसदी बढ़कर 58.8 लाख टन रहा। कंपनी ने बताया कि पिछले वर्ष की समान अवधि में उत्पादन 50.7 लाख टन था। कंपनी ने एक बयान में कहा कि इसमें संयुक्त नियंत्रण वाले संस्थानों का उत्पादन भी शामिल है। तिमाही आधार पर उत्पादन में 2 फीसदी की कमी आई है जो जनवरी से मार्च 2022 में 59.8 लाख टन था। *भाषा*

देसी स्टार्टअप ने जुटाए 6.9 अरब डॉलर

जून तिमाही में जुटाई गई रकम एक तिमाही पहले के मुकाबले 33 फीसदी कम है

बीएस संवाददाता
मुंबई, 7 जुलाई

भारतीय स्टार्टअप्स ने जून तिमाही में फंडिंग के 409 दौर के तहत कुल मिलाकर 6.9 अरब डॉलर जुटाए। तिमाही में हालांकि कुल फंडिंग कैलेंडर वर्ष 2022 की पहली तिमाही में जुटाई गई 10.3 अरब डॉलर की रकम के मुकाबले 33 फीसदी कम है। यह जानकारी ट्रेक्सन जियो की तिमाही रिपोर्ट : इंडिया टेक क्यू-2 2022 से मिली।

स्टार्टअप की तरफ से जुटाई गई रकम सालाना आधार पर भी घटी, जो 10.1 अरब डॉलर रही है।

रकम जुटाने की धीमी रफ्तार को देखते हुए ट्रेक्सन की रिपोर्ट में कहा गया है कि बाजार के प्रतिभागियों के बीच इस बात को लेकर सहमति है कि स्टार्टअप को फंडिंग को लेकर निवेशकों को भरोसे व अवधारणा में नरमी के कारण ऐसा हुआ। बाजार में नरमी और अर्थव्यवस्था में उतारचढ़ाव के कारण ऐसा हुआ क्योंकि मौजूदा आर्थिक हालात और भूराजनीतिक स्थिति से महंगाई, ब्याज दरों और जिंसों की कीमतें बढ़ी।

ट्रेक्सन के सह-संस्थापक अभिषेक गोयल ने कहा, निवेशक हालांकि मौजूदा माहौल को लेकर ज्यादा चिंतित नहीं हैं, ऐसे में इससे निवेशक समुदाय के जुनून पर ज्यादा असर नहीं दिखा। वैसे स्टार्टअप को लेकर वे ज्यादा निर्णायक हो गए, जिन्हें वे आगे बढ़ाना चाहते हैं और अब वे लंबी अवधि में लाभ के लिहाज से इन पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

इस तिमाही में फंड हासिल करने वाले स्टार्टअप में वेरसे (80.5 करोड़ डॉलर-सीरीज जे), डेलिवरी (30.4 करोड़ डॉलर-सीरीज जे) और उड़ान (27.5 करोड़ डॉलर-सीरीज डी) शामिल हैं। इसके बाद शेयरचैट (25.5 करोड़ डॉलर-सीरीज जी) और अपग्रेड (22.5 करोड़ डॉलर-सीरीज एफ) का स्थान रहा।

सोशल प्लेटफॉर्म्स, इंटरनेट फर्स्ट मीडिया, पेमेंट्स, बी2बी ई-कॉमर्स और ई-कॉमर्स एनेबलर्स अग्रणी क्षेत्र रहे, जिन्हें अप्रैल से जून 2022 के दौरान निवेशकों से सबसे ज्यादा रकम मिली।

वित्तपोषण

- देसी स्टार्टअप ने कैलेंडर वर्ष 2022 की पहली तिमाही में 10.3 अरब डॉलर जुटाए थे
- बाजार में नरमी और अर्थव्यवस्था में उतार-चढ़ाव के कारण स्टार्टअप द्वारा जुटाई गई रकम की रफ्तार सुस्त हुई
- तिमाही के दौरान रकम हासिल करने वाले स्टार्टअप में वेरसे, डेलिवरी और उड़ान के बाद शेयरचैट और अपग्रेड का स्थान रहा

आईडी फ्रेश फूड सौ करोड़पति बनाएगी

पीरजादा अबरार
बेंगलूरु, 7 जुलाई

अजीम प्रेमजी के निवेश वाली रेडी-टु-कुक उत्पाद कंपनी आईडी फ्रेश फूड ने कहा है कि उसने 27 कर्मचारियों के कंपनी में योगदान के लिए एम्प्लॉयी स्टॉक ऑप्शंस प्लान (ईसॉप) का सातवां दौर शुरू किया है। कंपनी ने कहा है कि यह कर्मचारियों को उच्च मूल्य वाले शेयरों की पेशकश के जरिये अगले तीन साल के दौरान 100 करोड़पति तैयार करने संबंधी आईडी की प्रतिबद्धता का हिस्सा है।

मौजूदा दौर के इसॉप्स का मूल्य 46 करोड़ रुपये है। साल 2016 से अब तक कंपनी अपने कर्मचारियों को करीब 300 करोड़ रुपये मूल्य के ईसॉप्स आवंटित किए हैं। कंपनी अब अमेरिका और ब्रिटेन के बाजारों में विस्तार की तैयारी कर रही है।

आईडी फ्रेश फूड के सह-संस्थापक पीसी मुस्तफा ने कहा, 'आज हम अपनी वैश्विक मौजूदगी बढ़ा रहे हैं और ऐसे में हम लंबे समय से सेवारत उन कर्मचारियों का आभारी हैं जो हर परिस्थिति में हमारे साथ खड़े रहे।' उन्होंने कहा, 'कठिन दौर में हमारे कर्मचारियों के वेतन भुगतान में छह महीने तक देरी हो जाती थी लेकिन हमारी प्रतिबद्ध टीम उन दिनों लगातार हमारे साथ खड़ी थी।'

कंपनी के कर्मचारियों की संख्या 2,000 से अधिक है। उसके 80 फीसदी से अधिक कर्मचारी ग्रामीण भारत से हैं।

मुस्तफा ने कहा, 'हम कर्मचारियों को 10 रुपये प्रति शेयर भाव पर उच्च मूल्य वाले शेयरों की पेशकश के जरिये अगले तीन साल के दौरान कम से कम 100 करोड़पति तैयार करना चाहते हैं।'

कंपनी ने कहा कि अब तक 54 फीसदी ईसॉप्स कनिष्ठ प्रबंधन कर्मियों को आवंटित किए गए हैं। मौजूदा दौर में ईसॉप्स हासिल करने वाले दो कर्मचारी कंपनी के वाहक एवं मददगार की भूमिका में होंगे।

जनवरी 2022 में आईडी फ्रेश फूड ने डी-श्रृंखला के वितपोषण दौर के तहत मौजूदा एवं नए निवेशकों से 507 करोड़ रुपये जुटाए थे। कंपनी अब उत्पाद नवाचार, नए बाजारों में विस्तार और बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अतिरिक्त क्षमता निर्माण पर ध्यान केंद्रित करेगी।

ईसॉप्स

- आईडी फ्रेश फूड 3 साल में 100 करोड़पति बनाना चाहती है
- अजीम प्रेमजी के निवेश वाली रेडी-टु-कुक उत्पाद कंपनी ने 27 कर्मचारियों के लिए सातवें दौर का ईसॉप्स कार्यक्रम शुरू किया है

इंडिगो ने वेतन बढ़ाया, एचआर नीति बदली

अरिंदम मजूमदार
नई दिल्ली, 7 जुलाई

भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने पायलट और चालक दल के अन्य सदस्यों का वेतन 8 प्रतिशत तक बढ़ा दिया है और अपनी एचआर नीति में भी कई बदलाव किए हैं। कंपनी ने व्यस्त त्योहारी सीजन की तैयारी को ध्यान में रखते हुए ये बदलाव किए हैं, जिसमें उसने अपनी क्षमता पूर्ववर्ती वर्ष के मुकाबले कम से कम 60 प्रतिशत तक बढ़ाने की योजना बनाई है।

चालक दल के सदस्यों द्वारा अचानक छुट्टी पर चले जाने की वजह से पिछले सप्ताह इंडिगो की कई उड़ानों में विलंब हुआ था। इसके बाद ये बदलाव किए गए हैं। जुलाई के लिए एयरलाइन ने रोजाना औसत 1,550 उड़ानों का बजट तैयार किया है और उसने करीब 13 घंटे के लिए अपने विमान इस्तेमाल करने की योजना बनाई है।

चालक दल के सदस्यों का वेतन भारत की इस सबसे बड़ी एयरलाइन के लिए चुनौतीपूर्ण मुद्दा बन गया है, क्योंकि वे अभी संतुष्ट नहीं है, जिसकी वजह यह है कि कोविड-19 महामारी से पहले जैसा वेतन उन्हें अभी भी नहीं दिया जा रहा है।

वेतन वृद्धि के बावजूद, चालक दल के सदस्य असंतुष्ट बने हुए हैं, क्योंकि पहले के मुकाबले इंडिगो द्वारा अब ज्यादा उड़ानों का परिचालन किया जा रहा है।

बैजूस ने नेतृत्व टीम मजबूत बनाई

पीरजादा अबरार
बेंगलूरु, 7 जुलाई

ऐसे समय में जब बैजूस ने अपने सैकड़ों कर्मचारियों को 'पिंक स्लिप' जारी की है, इस एडटेक कंपनी ने अपनी वरिष्ठ नेतृत्व टीम को मजबूत भी बनाया है। उसने पूर्व एमेजॉन अधिकारी सुनील शर्मा को उपाध्यक्ष (इंजीनियरिंग-छात्र एवं शिक्षक अनुभव) और दर्शन भंडारी को उपाध्यक्ष (इंजीनियरिंग-बैजूस के ट्यूशन सेंटर एवं डिवाइस) के तौर पर नियुक्त किया है।

शर्मा छात्र, अभिभावक और शिक्षक अनुभव मजबूत बनाने के साथ साथ कस्टमर केयर और मार्गदर्शन के लिए जरूरी तकनीकों के लिए जिम्मेदार होंगे। वहीं भंडारी कंपनी के हाइब्रिड लर्निंग प्लेटफॉर्म - बैजूस ट्यूशन सेंटर की कमान संभालेंगे।

बैजूस के अध्यक्ष (टेक्नोलॉजी) अनिल गोयल ने कहा, 'बैजूज के टेक्नोलॉजी-फर्स्ट दृष्टिकोण ने उसे दुनिया के कई श्रेष्ठ तकनीकी विशेषज्ञों में से शुमार करा दिया है।'

अपने 21 साल के करियर में शर्मा ने एमेजॉन, ह्यूलेट पैकार्ड और एजीटी इंटरनैशनल जैसी कई कंपनियों में प्रौद्योगिकी टीमों के विस्तार में अहम योगदान दिया। वह एमेजॉन में फ्रेट ऑडिटिंग एंड पेमेंट्स खंड के लिए तकनीकी प्रमुख थे। अन्य अधिकारी भंडारी को तकनीकी नवाचार में 18 साल से ज्यादा का अनुभव है और उन्होंने एमेजॉन, रिलायंस जियो इन्फोकॉम, तथा एमडॉक्स जैसी विभिन्न कंपनियों प्रतिभा निर्माण में अपनी अहम जिम्मेदारी निभाई है।

फिनिक्स एआरसी प्राईवेट लिमिटेड

पंजी. कार्यालय: दानी कॉर्पोरेट पार्क, 5वाँ तल, 158, सी.एस.टी. रोड, कलीना, सांताक्रुज (ई), मुंबई-400098
टेली.: 022- 6849 2450, फैक्स: 022- 6741 2313, सीआईएन : U67190MH2007PTC168303,
ई-मेल: info@phoenixarc.co.in, वेबसाईट: www.phoenixarc.co.in

आस्तियों की ऑनलाइन ई-नीलामी बिक्री

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (संक्षेप में सरफैसी अधिनियम संदर्भित) तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 (संक्षेप में नियमावली संदर्भित) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अनुपालन में तथा प्रतिभूत ऋणों की वसूली के लिए उक्त सरफैसी अधिनियम तथा नियमावली के अंतर्गत प्राधिकृत अधिकारी में निहित शक्तियों के अनुसार यहां नीचे वर्णित प्रतिभूत परिसम्पत्ति के कब्जे के अनुपालन में प्राधिकृत अधिकारी ने नीलामी बिक्री द्वारा प्रतिभूत परिसम्पत्ति की बिक्री करने का फैसला किया है।

एतद्द्वारा सामान्य रूप से जनता को तथा विशेष रूप से ऋणधारकों, गारंटरों, बंधककर्ताओं को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित फिनिक्स ट्रस्ट एफ्वाई18-5 (फिनिक्स) के ट्रस्टी की हैसियत में कार्यरत फिनिक्स एआरसी प्राईवेट लिमिटेड के पास गिरवी रखी गयी नीचे वर्णित सम्पत्ति (एसाइनमेंट अनुबंध दिनांक 27.09.2017 के माध्यम से फिनिक्स के पक्ष में कर्नाटक बैंक लिमिटेड (केबीएल) द्वारा ऋण के एसाइनमेंट के अनुसार) वेबसाईट https://phoenixarc.auctiontiger.net के माध्यम से प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 एवं 9 के साथ पठित सरफैसी अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार नीचे वर्णित बकाए तथा आगे के ब्याज, शुल्कों एवं लागतों आदि की वसूली के लिए "ऑनलाइन ई-नीलामी" द्वारा "जैसा है जहां है, जो भी है वहीं है तथा उपचार रहित" आधार पर निम्नलिखित शर्तों के अनुसार बिक्री की जाएगी :

कर्जदार का नाम	एडवान्स इंजीनियरिंग एण्ड कंस्ट्रक्शन कं., इसके प्रोपराइटर श्रीमती सरिता जादौन द्वारा प्रतिनिधानित
जमानती का नाम	1. राकेश जादौन, 2. मनीष सदाना, 3. प्रिया सदाना, 4. विकास जादौन
सरफैसी अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत मांग सूचना दिनांक 31.08.2015 के अनुसार बकाया राशि	रु. 2,82,44,370.44/- (रुपये दो करोड़ बयासी लाख चौवालीस हजार तीन सौ सत्तर एवं चौवालीस पैसे मात्र) तथा अनुबन्ध दर के अनुसार भावी ब्याज, अन्य लागत तथा प्रभार आदि
कब्जा की स्थिति	सांकेतिक कब्जे में
आरक्षित मूल्य	सम्पत्ति सं. 1 : रु. 1,02,30,000/- (रुपये एक करोड़ दो लाख तीस हजार मात्र) सम्पत्ति सं. 2 : रु. 60,00,000/- (रुपये साठ लाख मात्र) सम्पत्ति सं. 3 : रु. 43,00,000/- (रुपये तैंतालीस लाख मात्र)
जमा धरोहर राशि (ईएमडी राशि)	सम्पत्ति सं. 1 : रु. 10,23,000/- (रुपये दस लाख तेईस हजार मात्र) सम्पत्ति सं. 2 : रु. रु. 6,00,000/- (रुपये छः लाख मात्र) सम्पत्ति सं. 3 : रु. 4,30,000/- (रुपये चार लाख तीस हजार मात्र)
संविदा वृद्धि	रु. 50,000/- (रुपये पचास हजार मात्र) एवं इसके गुणक में
बैंक खाता विवरण	धरोहर राशि आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से "फिनिक्स ट्रस्ट एफ्वाई 18-5" के पक्ष में; चालू खाता : 3312074424; कोटक महिन्द्र बैंक लिमिटेड, शाखा : कलीना, आईएफएससी कोड : KKBK0000631 में जमा की जानी है।
संविदा जमा करने की अन्तिम तिथि (ई-नीलामी)	17.08.2022 (बुधवार) तक या इससे पूर्व बैंकिंग घण्टों बन्द होने तक
ई-नीलामी की तिथि	18.08.2022 (बृहस्पतिवार) को 11.00 बजे पूर्वा. से 12.00 बजे अप.
ई-नीलामी का माध्यम	ऑनलाइन ई-नीलामी
नीलामी बिक्री तथा निविदा दस्तावेज हेतु लिंक	https://phoenixarc.co.in/?p=2067
नीलामी की जाने वाली प्रतिभूत आस्ति का विवरण	संपत्ति सं. 1: कार्यालय नंबर 217, सेंचुरी 21 मॉल की दूसरी मंजिल, सेंचुरी 21, कॉर्पोरेट जोन गांव मिसरोद, तहसील हुजूर, जिला - भोपाल, म.प्र. का सम्पूर्ण भाग, सीमाएँ: पूर्वः सीढ़ी, पश्चिमः कार्यालय संख्या 216-बी, उत्तरः खुला आकाश (एमओएस), दक्षिणः कॉरिडोर संपत्ति संख्या 2: प्लॉट नंबर 59 पर भवन के साथ फ्रीहोल्ड आवासीय संपत्ति का समस्त भाग, भूमि का आकार 132.02 वर्ग मीटर, डुप्लेक्स हाउस के साथ वहां पूरी तरह से 2000 वर्ग मीटर का निर्माण किया गया, खसरा नंबर 14/2,14/5/1,151/1/3 और 14/5/2 के 'विष्णु हाईटेक सिटी' भाग में, पीएच नंबर 42, वार्ड नंबर -53, ग्राम अहमदपुर कलां, तहसील हुजूर, जिला-भोपाल, म.प्र. में स्थित, सीमाएँ: पूर्वः प्लॉट नं. 28 उत्तरः प्लॉट नंबर 60, पश्चिमः रोड, दक्षिणः प्लॉट संख्या 58, संपत्ति संख्या 3: पहली मंजिल पर नंबर एच-108 (एचआईजी-बी) वाले 1332.73 वर्ग फुट के आवासीय फ्लैट का समस्त भाग, ब्लॉक नंबर बी, 'पं. भीमसेन जोशी कॉम्प्लेक्स', 2 सी साकेत नगर, तहसील हुजूर, जिला भोपाल, सीमाएँ: पूर्वः खुला, उत्तरः खुला, पश्चिमः प्रवेश गलियारा और फ्लैट नंबर - एम-109, दक्षिणः खुला

ई-नीलामी के नियम एवं शर्तें:

1. यह नीलामी बिक्री प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ई-नीलामी पद्धति की मदद एवं माध्यम से सरफैसी अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत आयोजित की जा रही है। नीलामी/संविदा केवल वेबसाईट https://phoenixarc.auctiontiger.net माध्यम से "ऑनलाइन इलेक्ट्रॉनिक पद्धति" में ही होगी। ई-नीलामी मंच की व्यवस्था करने के लिए ऑक्शन टाइगर सेवा प्रदाता है।
2. यह नीलामी बोली दस्तावेजों के विस्तृत नियमों एवं शर्तों तथा उसमें निर्दिष्ट प्रक्रिया के अनुसार आयोजित की जाएगी। बोलीदाता संविदा दस्तावेज, नीलामी हेतु रखी प्रतिभूत आस्ति के विवरण/संविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिए फिनिक्स की वेबसाईट www.phoenixarc.co.in या उपर्युक्त लिंक में या सेवा प्रदाता की वेबसाइट https://phoenixarc.auctiontiger.net देख सकते हैं।
3. बोलीदाता अपने स्वयं के कार्यालय/पसंद की जगह से ई-नीलामी कोटिंग/बोली में भाग ले सकते हैं। बोलीदाता को स्वयं ही इन्टरनेट कनैक्टिविटी की व्यवस्था करनी होगी। प्राधिकृत अधिकारी/फिनिक्स/सेवा प्रदाता इन्टरनेट कनैक्टिविटी, नेटवर्क की समस्या, सिस्टम की विफलता, बिजली आपूर्ति में बाधा आदि के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे।
4. विवरणों, सहायता, प्रक्रिया तथा ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए संभावित बोलीदाता मैसर्स ऑक्शन टाइगर के श्री राम शर्मा, सम्पर्क नं. 9265562818/9265562821/9265562819 तथा 9978591888, ई-मेल आईडी : support@auctiontiger.net, ramprasad@auctiontiger.net से सम्पर्क कर सकते है।
5. नीलामी में रखी गयी प्रतिभूत परिसम्पत्ति का विवरण की जांच करने/संविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिए बोलीदाता फिनिक्स की वेबसाईट www.phoenixarc.co.in भी देख सकते हैं।
6. ई-नीलामी यहां ऊपर वर्णित तिथि एवं समय में आयोजित की जाएगी जब उपरोक्त प्रतिभूत परिसम्पत्ति की "जैसा है जहां है, जो भी वहां है तथा उपचार रहित" शर्त पर बिक्री की जाएगी।
7. सभी इच्छुक क्रेताओं/बोलीदाताओं को उपरोक्त पोर्टल https://phoenixarc.auctiontiger.net पर अपना नाम पंजीकृत करना होगा तथा उपरोक्त तिथि एवं समय को ई-नीलामी में भाग लेने के लिए निःशुल्क यूजर आईडी तथा पासवर्ड प्राप्त करना होगा।
8. ई नीलामी में भाग लेने के लिए इच्छुक क्रेता(ओं)/बोलीदाता(ओं) को उपरोक्त ईएमडी जमा करने की अन्तिम तिथि तक या इससे पूर्व में पैन कार्ड, कंपनी के मामले में बोर्ड के प्रस्तावों तथा पता के प्रमाण को प्रतियों के साथ प्रतिभूत परिसंपत्ति के आरक्षित मूल्य के 10% की प्रतिदेय धरोहर राशि के भुगतान के विवरणों को जमा करना होगा। इच्छुक क्रेताओं/बोलीदाताओं को यहाँ ऊपर उल्लिखित प्रत्येक सम्पत्तियों के लिए अलग-अलग ईएमडी जमा करनी होगी।
9. सफल क्रेता/बोलीदाता को ऊपर वर्णित नीलामी की तिथि को या उससे पूर्व यहां ऊपर वर्णित खाता में आरटीजीएस/एनईएफटी के द्वारा अपने प्रस्ताव की 25% (ईएमडी सहित) राशि का भुगतान करना होगा जिस भुगतान की पुष्टि फिनिक्स द्वारा की जाएगी जिसमें असफल रहने पर अन्यथा बिक्री को विफल मानी जाएगी तथा उक्त सफल क्रेता/बोलीदाता की ईएमडी जब्त कर ली जाएगी।
10. अन्य बोलीदाता जो ई-नीलामी में सफल नहीं होंगे, की ईएमडी नीलामी की समाप्ति के कार्यदिवसों के 72 घंटे के भीतर फिनिक्स द्वारा वापस लौटा दी जाएगी। ईएमडी पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा।
11. बिक्री की शेष राशि सफल क्रेता/संविदाकार द्वारा अधिकृत प्राधिकारी द्वारा प्रतिभूत आस्ति की बिक्री की पुष्टि के पन्द्रह (15) दिनों के भीतर अथवा अधिकृत प्राधिकारी के विवेकानुसार लिखित में स्वीकृत विस्तारित तिथि तक जमा करानी होगी। इसमें चूक होने पर तब तक जमा की गयी राशि जब्त कर ली जायेगी।
12. सम्पत्ति के निरीक्षण अथवा अधिक जानकारी के लिए संभावित बोलीदाता श्री हर्ष मागिया/ श्री सुरेश वैरियम से निम्नलिखित ई-मेल harsh.magia@phoenixarc.co.in/suresh.variyam@phoenixarc.co.in (ई-मेल) अथवा 07506107562 /07506490036 (मोबाइल) पर संपर्क कर सकते हैं।
13. नीलामी के किसी भी चरण में प्राधिकृत अधिकारी उसका कोई भी कारण बताए बिना तथा बिना किसी पूर्व सूचना के बोली/प्रस्ताव को स्वीकार/अस्वीकार/संशोधित/निरस्त या नीलामी को निलंबित कर सकते हैं।
14. लागू होने वाले कानून के अनुसार उनके/अपने पक्ष में संपत्ति को प्राप्त/प्रदान करने के लिए सफल क्रेता/बोलीदाता को जमा किए जाने के लिए वांछित किसी प्रकार के वैधानिक बकाए, कर, देय शुल्क, स्टाम्प शुल्क, पंजीकरण शुल्क आदि का वहन करना होगा।
15. सभी सांविधिक/गैर-सांविधिक बकाये, कर, दर, गणना चार्जेज, सोसायटी के बकाये, शुल्क जो किसी भी समय में सम्पत्ति के प्रति देय हो, के भुगतान के लिए केवल सफल संविदाकार ही उत्तरदायी होंगे।
16. उनके/अपने पक्ष में अधिकारों के अंतरण के लिए सोसायटी/किसी अन्य प्राधिकरण को देय किसी भी लागत/खर्चे/शुल्कों/प्रभारों आदि के लिए सफल क्रेता/बोलीदाता ही एकाकी रूप से उत्तरदायी होंगे।
17. ऋण धारक/गारंटर्स जो उक्त बकाया राशि के देनदार हैं, वे उपरोक्त नीलामी बिक्री के आयोजन के विषय में प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली के नियम 8 (6) के अंतर्गत इस बिक्री सूचना को एक सूचना रूप में समझें।
18. इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली जमा करने से पहले ऋणभार, नीलामी में रखी गई प्रतिभूत संपत्ति के स्वामित्व और प्रतिभूत संपत्ति को प्रभावित करने वाले दायों/अधिकारों/बकायों के संबंध में अपनी स्वतंत्र जांच करनी होगी, जिसमें वैधानिक बकाया आदि शामिल हैं। नीलामी विज्ञापन फीनिक्स के किसी भी प्रतिबद्धता या किसी भी प्रतिनिधित्व का गठन नहीं करता है और न ही करेगा। फीनिक्स के अधिकृत अधिकारी किसी भी तीसरे पक्ष के देय/अधिकार/देय के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होंगे।
19. समाचार पत्र में प्रकाशित ई-नीलामी सूचना में निर्दिष्ट विवरण प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार बताया गया है; हालांकि, किसी भी त्रुटि, गलत बयान या चूक के लिए प्राधिकृत अधिकारी जिम्मेदार/उत्तरदायी नहीं होगा।
20. इस घटना में, यहां ऊपर निर्धारित ई-नीलामी किसी भी कारण से विफल हो जाती है तो फीनिक्स को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(5) के प्रावधानों और सरफेसी अधिनियम, 2002 के तहत किसी भी अन्य तरीके से प्रतिभूत संपत्ति को बेचने का अधिकार है।

स्थान: भोपाल तिथि : 08.07.2022 हस्ता./-
प्राधिकृत अधिकारी, फिनिक्स एआरसी प्राईवेट लिमिटेड, फिनिक्स ट्रस्ट एफ्वाई 18-5

पंचशील ऑर्गेनिक्स लिमिटेड

CIN: L24232MP1989PLC005390
पंजी. कार्या. बी-6 व बी-7, सेक्टर-सी, इंडस्ट्रियल एरिया, सनवेर रोड, इंदौर (म.प्र.)-452015
Ph.: 0731-2721709, Fax : 91-22063929, Website : www.panchsheelorganics.com

असाधारण सामान्य बैठक सूचना हेतु शुद्धिपत्र

पंचशील ऑर्गेनिक्स लिमिटेड ने वीडियो कांफ्रेंसिंग/ओएवीएम माध्यमों के द्वारा कंपनी के शेयरधारकों की असाधारण सामान्य बैठक की सूचना देने के लिए दिनांक 2 जून, 2022 को सूचना जारी की थी। सूचना पहले ही कंपनी अधिनियम, 2013 और उसके तहत बने नियमों के प्रावधानों के अनुपालन के कारण कंपनी के शेयरधारकों को प्रसारित की जा चुकी है। शेयरधारकों से सूचना में निम्नलिखित परिवर्तनों पर ध्यान देने का अनुरोध है।

पेज नं. 6 पर : क्रम सं. 64 को राहुल मंडावेवाला के बजाय सुश्री बिद्या देवी मंडावाला पढ़ा जाए।

हम एतद्द्वारा सूचित करते हैं कि श्री राहुल मंडावेवाला, एक प्रस्तावित आवंटी 120 शेयर के प्री-होल्डर, ने 29 जून, 2022 के बाद अपने शेयर बेच दिए और कंपनी ने श्री राहुल मंडावेवाला के बजाय प्रस्तावित आंवटी की पत्नी सुश्री बिद्या देवी मंडावला को जोड़ना प्रस्तावित किया है।

हम एतद्द्वारा मानते और सूचित करते हैं कि सुश्री बिद्या देवी की कंपनी के शेयरों की कोई प्री-वरीयता धारिता नहीं है।

बिद्या देवी मंडावला का विवरण निम्नलिखित है :-

क्र. सं.	निवेशक का नाम	श्रेणी (प्रमोटर/नॉन-प्रमोटर)	वरीयता इश्यू (इक्विटी शेयर)	पोस्ट होल्डिंग शेयर	पोस्ट होल्डिंग %
1.	बिद्या देवी मंडावला	नॉन-प्रमोटर	10,000	10,000	0.0757

पेज नं. 38 पर : मद 2 के व्याख्यात्मक विवरण में, कंपनी की वेबसाइट को www.panchsheelorganics.com के रूप में पढ़ा जाए।

पेज नं. 32 व 38 पर मद 1 व 2 बिंदु क्यू (ए) के व्याख्यात्मक विवरण में, निम्नलिखित जोड़ा गया है **"कंपनी का प्रत्येक निदेशक व प्रमोटर ने व्यक्तिगतरूप से घोषित किया है कि उनमें से किसी को सेबी आईसीडीआर विनियमों के तहत परिभाषित अनुसार विलफुल डिफाल्टर या भ्रामक ऋणी के रूप में घोषित नहीं किया गया है।"**

पेज नं. 36 पर : इंडिया इक्विटी फंड 1 की उत्तम लाभार्थी स्वामी सुश्री शिखा बगई हैं।

पेज नं. 37 पर : क्रम सं. 16 में – गौथमचंद ए एचयूएफ की % पोस्ट होल्डिंग को 0.7578% के बजाय 0.3485% के रूप में पढ़ा जाए।

पेज नं. 31 व 38 पर मद 1 व 2 बिंदु पी के व्याख्यात्मक विवरण में, : **वैधानिक अंकेक्षक व अभ्यासरत कंपनी सचिव के प्रमाणपत्र :** कंपनी वैधानिक अंकेक्षक व अभ्यासरत कंपनी सचिव से जारी एक प्रमाणपत्र प्राप्त करेगी जिसमें प्रमाणित है कि वरीयता इश्यू आईसीडीआर विनियमों में दी गई आवश्यकताओं के अनुपालन में जारी किया जा रहा है।

शुद्धिपत्र कंपनी के वेबसाइट पर भी उपलब्ध होगा। इसके अतिरिक्त बीएसई लिमिटेड जहां कंपनी के शेयर सूचीबद्ध हैं को भी संचारित किया जा रहा है।

पंचशील ऑर्गेनिक्स लिमिटेड
हस्ता./- महेंद्र ए. तुरखिया
स्थान : इंदौर प्रबंधन निदेशक
दिनांक : 07 जुलाई, 2022 डीआईएन : 00006222

बिज़नेस स्टैंडर्ड

भोपाल संस्करण
बिजनेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा दैनिक भास्कर, प्लॉट नं. 10 व 11, सेक्टर बी, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल, म. प्र. 462023 से मुद्रित एवं सी/ओ अशोक कुमार जैन, शॉप नं. 1, पटेल मार्केट, संगम टॉवीज के समीप, भोपाल- 462001 से प्रकाशित
संपादक : कैलाश नौटियाल

आरएनआई नं. MPHHIN/2008/24325
पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं।
टेलीफोन - 033-22101314/1022/1600
फैक्स - 033-22101599
सबस्क्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए संपर्क करें...
सुश्री मानसी सिंह
हेड, कस्टमर रिलेशन्स
बिजनेस स्टैंडर्ड लिमिटेड, तीसरी और चौथी मंजिल, बिल्डिंग एच, पैरामन सेंटर, सेंचुरी मिल्स के सामने, पी बी मार्ग, वर्ली, मुंबई 400 013
ईमेल.. subs_bs@bsmail.in
या 57575 पर एसएमएस करें
REACHBS

कोई हवाई अधिभार नहीं

बजाज हाऊसिंग फाइनेंस लिमिटेड

BAJAJ FINSERV